समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Friday, 25 September 2026

# अहमदाबाद प्लेन क्रैश पर सनी देओल ने जताया गहरा दुख, कहा- “खबर सुनकर सदमे मे हूं”

Publisher Published on 12 Jun 2025



## “242 यात्रियों से भरे एयर इंडिया विमान के हादसे पर भावुक हुए सनी देओल, सोशल मीडिया पर कहा- ‘सदमे मे हूं’”

**मुंबई/अहमदाबाद, 12 जून 2025:** गुजरात के **अहमदाबाद** में हुए भीषण **एयर इंडिया प्लेन क्रैश** ने पूरे देश को हिला कर रख दिया है। इस हादसे में 242 यात्रियों की जान जाने की आशंका जताई जा रही है। **बॉलीवुड एक्टर** और **सांसद सनी देओल** ने इस दुखद घटना पर **गहरा शोक व्यक्त** किया है। उन्होंने **सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म X (पूर्व मे ट्विटर)** पर अपनी प्रतिक्रिया साझा की।

### सनी देओल ने क्या कहा ?

‘**बॉर्डर 2**‘ एक्टर सनी देओल ने लिखा: “अहमदाबाद विमान दुर्घटना की खबर सुनकर सदमे में हूं। मैं पूरे दिल से उन लोगों के लिए प्रार्थना कर रहा हूं जो इस हादसे में जीवित बचे हैं कि उन्हें ढूंढा जाए और उन्हें देखभाल मिले जिसकी उन्हें ज़रूरत है। जो लोग अपनी जान गंवा चुके हैं, उनकी आत्मा को शांति मिले और उनके परिवारों को इस अकल्पनीय समय में शक्ति मिले।”

### क्या हुआ था अहमदाबाद मे ?

12 जून 2025 को दोपहर के समय **एयर इंडिया का बोइंग ड्रीमलाइनर 787 विमान**, जो अहमदाबाद से लंदन के लिए रवाना हुआ था, वह उड़ान भरने के कुछ ही क्षण बाद **मेघानीनगर क्षेत्र मे क्रैश** हो गया। प्रारंभिक रिपोर्ट्स के अनुसार, विमान में **242 यात्री** और **12 क्रू मेबंर्स** सवार थे।

१. **विमान के एयरपोर्ट बाउंड्री से टकराने की बात सामने आ रही है।**
२. **शुरुआती तस्वीरों मे विमान के परखच्चे उड़ते हुए दिख रहे है।**
३. **राहत और बचाव कार्य युद्धस्तर पर जारी है।**

अन्य सितारों की भी प्रतिक्रिया

**सनी देओल** के अलावा, कई **अन्य बॉलीवुड सितारों ने भी इस हादसे पर दुख जताया** है:

**अक्षय कुमार**: "इस भयावह हादसे के बारे में सुनकर मैं पूरी तरह से निशब्द हूं। मृतकों की आत्मा को शांति मिले।"

**रितेश देशमुख, परिणीति चोपड़ा,** और **दिशा पाटनी** ने भी सोशल मीडिया पर संवेदनाएं प्रकट कीं।

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.